# VISION IAS

www.visionias.in

## GENERAL STUDIES (TEST CODE : 1841)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name of Candidate | RAKESH KUMAR MEENA | | |
| Medium Hindi/Eng. | HINDI | Registration Number | 19016 |
| Center | ONLINE | Date | 08/09/2022 |

### INDEX TABLE

| Q. No. | Maximum Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|
| 1(a) | 10 | |
| 1(b) | 10 | |
| 2(a) | 10 | |
| 2(b) | 10 | |
| 3(a) | 10 | |
| 3(b) | 10 | |
| 4(a) | 10 | |
| 4(b) | 10 | |
| 5(a) | 10 | |
| 5(b) | 10 | |
| 6(a) | 10 | |
| 6(b) | 10 | |
| 6(c) | 10 | |
| 7 | 20 | |
| 8 | 20 | |
| 9 | 20 | |
| 10 | 20 | |
| 11 | 20 | |
| 12 | 20 | |

**Total Marks Obtained:**

**Remarks:**

**Signature of Examiner**

### INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
   उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न–पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are **TWELVE** questions printed in **ENGLISH & HINDI**
   इसमें बारह प्रश्न हैं अंग्रेजी और हिन्दी में छपे हैं।
3. **All questions are compulsory.**
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
   प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
   प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न–सह–उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
   प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
   उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

16-B, 2nd Floor, Above National Trust Building, Bada Bazar Marg, Old Rajinder Nagar, Delhi-110060

Plot No. 857, 1st Floor, Banda Bahadur Marg (Opp Punjab & Sindh Bank), Dr. Mukherjee Nagar Delhi- 110009

Scanned with CamScanner

# EVALUATION INDICATORS

1. Contextual Competence
2. Content Competence
3. Language Competence
4. Introduction Competence
5. Structure - Presentation Competence
6. Conclusion Competence

Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:

1.

2.

3.

4.

5.

6.

All the Best

1.

Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)


SECTION – A

1. (a) Explain the meaning of self-efficacy, along with its key determinants. Also, discuss the significance of high self-efficacy for a civil servant.

**(150 words) 10**

आत्म-प्रभावकारिता और इसके प्रमुख निर्धारकों का अर्थ स्पष्ट कीजिए। साथ ही, एक सिविल सेवक के लिए उच्च आत्म-प्रभावकारिता के महत्व पर चर्चा कीजिए।

आत्म प्रभाव कारिता → स्वयं की भावनों को प्रबोधित करना तथा आंतरिक मूल्यों में सुसंगति ताकि स्वयं की प्रभावक्षमता में वृद्धि हो






Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

सिविल सेवक तौर पर महत्व :-

(1) अंतरात्मा का बेहतर संयोजन

(2) साहस में वृद्धि – बेहतर निर्णय निर्माण प्रक्रिया में भागीदारी

(3) अच्छी कार्यसंस्कृति के निर्माण में

(4) अच्छी नेतृत्व क्षमता से अधीनस्थों का विश्वास प्राप्त करने में

(5) नवाचार करने को प्रोत्साहित

प्रशांत नायर (IAS) द्वारा ऑपरेशन कोझीकोड

आत्म-प्रभावशीलता मजबूत भावनात्मक बुद्धिमत्ता के निर्माण में सहायक होती है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

1. (b) Ethics is knowing the difference between what you have the right to do and what is right to do. Discuss. **(150 words) 10**

आपको क्या करने का अधिकार है और क्या करना सही है, इसके मध्य का अंतर जानना ही नीतिशास्त्र है। चर्चा कीजिए।

गांधी जी द्वारा कहा गया उपरोक्त कथन व्यक्ति द्वारा साधन - साध्य की पवित्रता तथा उसके कर्तव्यों व अधिकारों के बीच संतुलन रखने संबंधी तथ्य को प्रदर्शित करता है।

* वाक् तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान (अनु॰ 19(1)(a)) में प्रदत्त है लेकिन Hate speech के रूप में इसका प्रयोग करना गलत है वहीं गरीब लोगों के अधिकारों की आवाज बनना एकदम सही है।

  eg मजदूर किसान शक्ति संगठन का RTI संबंधी आंदोलन

* सोशल मीडिया के माध्यम इंटरनेट प्रयोग का अधिकार सभी को है लेकिन



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

cyber crime करना गलत है वहीं सोशल मीडिया का उपयोग स्वयं के अधिकारों के लिए करना सही है

Eg #Metoo अभियान
# Black lives matter

* पर्यावरण से अपनी आवश्यकता अनुरूप उत्पादन करना अधिकार है वहीं आवश्यकता से अधिक उत्पादन कर पर्यावरण संकट खड़ा करना नहीं

Eg GHG का उत्पादन जिससे पर्यावरण तापमान में 1°C की वृद्धि

अतः दोनों के मध्य उचित संतुलन कर्तव्य का कौटिल्य नीति से प्रयोग करने पर ही संभव है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. (a) Dealing with an ethical dilemma not only requires following rules and regulations, but also requires adherence to moral prudence and altruism. Explain in the context of civil services in India, with examples.

**(150 words) 10**

किसी नैतिक दुविधा से निपटने के लिए न केवल सहायक नियमों और विनियमों की आवश्यकता होती है, बल्कि नैतिक विवेक और परोपकारिता के पालन की भी आवश्यकता होती है। भारत में सिविल सेवाओं के संदर्भ में उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

नैतिक दुविधा → नीतिशास्त्र के अनुसार जब व्यक्ति के पास दो नैतिक स्थितियों में से किसी एक नैतिक विकल्प का अनिवार्य रूप से चयन करना हो तब नैतिक दुविधा की स्थिति उत्पन्न होती है।

eg विकास v/s आदिवासियों का विस्थापन

नैतिक दुविधाओं से निपटने में —

(A) नियमों और विनियमों की आवश्यकता

eg आधार का सरकारी योजनाओं में प्रयोग तथा निजता की सुरक्षा संबंधी मामला

eg सरकारी अवसंरचना का निर्माण तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी



Scanned with CamScanner

(B) नैतिक विवेक तथा परोपकारिता की आवश्यकता

Eg आपदा के समय महिलाओं, बच्चों, बूढ़ों तथा स्वयं की फैमिली को बचाना

Eg भूख से विचलित पीड़ितों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाना प्रदान करना

Eg कुपोषण पीड़ित अस्पताल में स्वयं के द्वारा A/C बनवाना स्वरोचिषा सोमवंशी (IAS) द्वारा

Eg स्वामिता सभरवाल द्वारा नैतिक विवेक से (fund your city) कार्यक्रम से अवसंरचना विकास

Eg आर्मस्ट्रांग पेम ने 100 km रोड का निर्माण (मणिपुर)

अतः दोनों का पर्याप्त संतुलन नैतिक दुविधाओं का बेहतर समाधान कर सकता है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. (b) The Code of Conduct for the civil services in India has merely remained a code; it has not helped promote ethical and moral values in governance. In this context, discuss the need for a National Commission on Integrity and Transparency in Governance. (150 words) 10

भारत में सिविल सेवाओं के लिए आचरण संहिता केवल एक संहिता बनकर रह गई है; इसने शासन (गवर्नेंस) में नीतिपरक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने में मदद नहीं की है। इस संदर्भ में, शासन में सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता पर एक राष्ट्रीय आयोग की आवश्यकता पर चर्चा कीजिए।

आचरण संहिता - सिविल सेवको द्वारा अपने पद पर रहते हुए प्रशासनिक दायित्वों तथा संवैधानिक नियमों का पालन करना।

Eg) केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम 1964

नीतिपरक तथा नैतिक मूल्यों को बढावा देने मे सक्षम नही :-

- हाल ही में एक IPS द्वारा सिविल सेवा परीक्षा मे चीटिंग करना (INTEGRITY के खिलाफ)
- राजस्थान में बारां में IAS राघवेन्द्र का भ्रष्टाचार के आरोपों में पकड़ना
- तमिलनाडु में custodial death की घटना
- झारखंड में 10 वर्षीय बालिका की



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

आधार कार्ड नहीं होने से मौत
(EMPATHY की कमी)

सत्यनिष्ठा तथा पारदर्शिता राष्ट्रीय आयोग की आवश्यकता —

① भ्रष्टाचार की घटनाओं में कमी लाना

② अधिकारियों की नियुक्ति तथा ट्रांसफर में स्थिरता लाना

Eg होता समिति तथा होता समिति द्वारा सिफारिश

③ आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार लाना Eg मलीमथ समिति

④ आंतरिक हित संघर्ष में कमी तथा विवेकाधीन शक्तियों में कमी

Eg 2nd ARC

⑤ सेवाओं का सही लाभार्थी तक पहुंचना ताकि 'Public trust' में वृद्धि हो।

SC ने भी सिविल सेवा बोर्ड गठन की सिफारिश की है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. (a) Digital ethics principles are necessary to prevent erosion of public values and deal with the ethical implications of digitizing governance systems. Discuss. (150 words) 10

सार्वजनिक मूल्यों के क्षरण को रोकने और शासन प्रणालियों के डिजिटलीकरण के नैतिक निहितार्थों से निपटने के लिए डिजिटल एथिक्स सिद्धांत आवश्यक हैं। चर्चा कीजिए।

'Data is the new oil' की एक नई अवधारणा वर्तमान समय में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रयोग को इंगित करता है। (भारत में ~500 million इंटरनेट उपभोक्ता)

सोशल मीडिया से सार्वजनिक मूल्यों का क्षरण

① चाइल्ड पोर्नोग्राफी — बच्चों के बचपन (childhood) छिनने का संकट

② महिलाओं का वस्तुकरण — लैंगिक समानता मूल्य

③ दूसरे देशों द्वारा अन्य देश पर हमला
eg कुडनकुलम परियोजना — संप्रभुता का मूल्य

④ Digital divide तथा पहुंच की असमानता — समानता का अधिकार



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

शासन के डिजिटलीकरण से Digital ethics की आवश्यकता —

(1) साइबर हमलों के खतरों से निपटने के लिए eg डोमिनोज data की चोरी

(2) सरकार के डिजिटल India मिशन तथा वित्तीय समावेशन की बढ़ती भागीदारी निजता के उल्लंघन संबंधी खतरा

(3) सोशल मीडिया का उपयोग fake News, Hate speech के लिए। सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा। eg नाकिर हुसैन खतरा

अतः यूरोपीय देशों की तरह General data protection Rules के साथ Internet service Providers (ISP) के लिए भी Digital ethics की संभावनाओं के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाने की आवश्यकता है।



Scanned with CamScanner

3. (b) Despite differences in terms of organizational values guiding the public and private sectors, there remain certain values that are equally important to both. Discuss. (150 words) 10

सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों को निर्देशित करने वाले संगठनात्मक मूल्यों के संदर्भ में मतभेदों के बावजूद, कुछ मूल्य ऐसे हैं, जो दोनों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। चर्चा कीजिए।

सार्वजनिक क्षेत्र समाज के कल्याणकारी उपायों को लक्षित करता है (social contract theory) तथा निजी क्षेत्र अपनी लाभप्रदता को अधिकतम करने पर अधिक केंद्रित होता है।

संगठनात्मक मूल्यों में मतभेद

| मूल्य | सार्वजनिक क्षेत्र | निजी क्षेत्र |
| --- | --- | --- |
| (1) लाभप्रदता | समाज के सभी वर्गों में समान | केवल शेयर धारकों में |
| (2) संसाधनों का समतापूर्ण वितरण | सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक (Respondsiveness) | संसाधनों के दोहन की प्रवृत्ति |
| (3) प्रतिबद्धता | समाज के प्रति | हितधारकों के प्रति |
| (4) कॅरियर growth | समय आधारित | प्रदर्शन आधारित |

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

इन मतभेदों के बावजूद दोनों क्षेत्रों के लिए कुछ मूल्य भी समान रूप से लागू होते हैं।

① समाज के प्रति उत्तरदायित्व
 eg अजीम प्रेमजी द्वारा दान
 सरकारी कर्मचारियों की संवैधानिक नैतिकता के प्रति

② कानून के शासन के प्रति जिम्मेदारी
 eg निजी क्षेत्र - समयपर कर का भुगतान
 सरकारी क्षेत्र → आचरण संहिता का पालन

③ राष्ट्रीय हितों को प्रमुखता
 eg निजी क्षेत्र - देश के नागरिकों को रोजगार

अतः देश के विकास के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (विजय केलकर समिति) की महती आवश्यकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. (a) Bring out the difference between accountability and responsibility. Also, discuss the significance of accountability in ensuring ethical governance in the context of India. (150 words) 10

जवाबदेही और उत्तरदायित्व के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। साथ ही, भारत के संदर्भ में नैतिक शासन (एथिकल गवर्नेंस) को सुनिश्चित करने में जवाबदेही के महत्व की विवेचना कीजिए।

जवाबदेहिता :- औपचारिक संबंध के तहत बाह्य दबावों के अनुसार दिए गए कार्यों के प्रति जवाबदेही। दंड का प्रावधान भी

(eg) सिविल सेवक को सिविल सेवा (आचरण) नियम के अनुसार कार्य करना

उत्तरदायित्व :- यह आंतरिक दबावों तथा अनौपचारिक संबंधों से संचालित होता है इसके अनुपालन न होने से दंड का प्रावधान नहीं है

(eg) उच्चस्थ अधिकारियों द्वारा बेहतर कार्यसंस्कृति तथा ऑफिस में लैंगिक सुरक्षा स्थापित करने का उत्तरदायित्व



Scanned with CamScanner

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

नैतिक शासन की स्थापना में जवाबदेहिता का महत्व —

① बेहतर निर्णय -निर्माण में
② संसाधनों का संयमपूर्ण उपयोग में
③ भ्रष्टाचार तथा क्रोनी कैपिटलिज्म में कमी
④ बेहतर कार्य-संस्कृति निर्माण में
⑤ संस्थागत कार्यों में बेहतर पारदर्शिता का समावेश
⑥ योजनाओं का लाभ समाज के वंचित वर्गों तक
⑦ लोगों का विश्वास हासिल करने में
⑧ कानून का शासन स्थापित करने में
⑨ प्रशासनिक अधिकारी तथा लोकतांत्रिक अधिकारी के मध्य बेहतर संबंध स्थापित करने में

2nd ARC :- जवाबदेहिता Public service code का महत्वपूर्ण हिस्सा है)

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. **(b)** Though laws and rules can be considered as the principal guide on morality for public administrators, they are not sufficient in themselves. Substantiate with examples. **(150 words) 10**


हालांकि कानूनों और नियमों को लोक प्रशासकों के लिए नैतिक आदर्शों हेतु प्रमुख मार्गदर्शक माना जा सकता है, किंतु ये अपने आप में पर्याप्त नहीं हैं। उदाहरण सहित सिद्ध कीजिए।

कानून → देश की संवैधानिक संस्थाओं द्वारा निर्मित दिशानिर्देश जिनका पालन सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य

Eg बाल श्रम (~~प्रतिषेध~~ निवारण) अधिनियम 2016

नियम :- कानूनों के तहत प्रशासनिक अधिकारियों के दिशानिर्देशों के लिए निर्मित

Eg सिविल सेवा (आचरण) संहिता नियम 1964




नैतिक आदर्शों के लिए प्रमुख :-

① संवैधानिक नैतिकता के लिए

② सकारात्मक कार्यवाही के माध्यम से समानता के लिए Eg आरक्षण का प्रावधान



Scanned with CamScanner

③ पर्यावरण नैतिकता के लिए
→ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986

④ खेल नैतिकता के लिए
→ राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी

लेकिन यह अपर्याप्त —

① बदलती तकनीकी के कारण कोई भी कानून सभी पहलुओं को शामिल नहीं कर पाता जिससे निजता के हनन की संभावनाएँ

② IPC section 377 (LGBTQ) तथा IPC section 497 (व्यभिचार) के संबंध में

③ सरोगेसी तथा Abortion के संबंध में कानून अपर्याप्त

गांधीजी → सबसे बड़ा कानून वह है जहाँ Public ethics code को follow किया जाता है



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)



Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. **(a)** Transparency is vital to cultivate public trust in government and to prevent, detect and deter corruption effectively. Comment.

**(150 words) 10**

पारदर्शिता, सरकार में जनता के विश्वास को विकसित करने और भ्रष्टाचार को प्रभावी ढंग से रोकने, इसका पता लगाने एवं निवारण करने के लिए महत्वपूर्ण है। टिप्पणी कीजिए।

पारदर्शिता - सरकारी संस्थाओं के कामकाज तथा सूचनाओं तक जनता की आसान पहुँच तथा जनता की प्रशासन में भागीदारी

Eg सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

जनता का विश्वास विकसित करने में

- जनता की भागीदारी में वृद्धि से संसाधनों के उपयोग के बारे में जानकारी

  Eg राजस्थान में जनसूचना पोर्टल

- जनता का सरकारी कार्यों में feedback देने में बढ़ोतरी

  Eg उड़ीसा का Mo Sarkar परियोजना

- पारदर्शिता जवाबदेहिता में भी वृद्धि करती है



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

भ्रष्टाचार का प्रभावी निवारण में

(1) सरकारी संस्थाओं के दुरुपयोग के बारे में जानकारी मिलने से deterrence प्रभाव

Eg आशीष चतुर्वेदी द्वारा VYAPAM घोटाला

CWG घोटाले का पता लगाया उजागर

(2) सरकारी जवाबदेहिता बढ़ने से संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग

Eg CAG द्वारा 2G स्पेक्ट्रम घोटाला उजागर करना

भ्रष्टाचार = एकाधिकार + विवेकाधिकार – जवाबदेहिता

लेकिन पारदर्शिता से जवाबदेहिता बढ़ने के कारण भ्रष्टाचार के मामलों में कमी आ जाती है

— * —

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. (b) 'Just-in-time' release of funds heralds a significant reform for the Indian government's payment architecture. Discuss. (150 words) 10
'सही समय पर' फंड जारी करना भारत सरकार की भुगतान संरचना के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार की शुरुआत है। चर्चा कीजिए।

संसाधनो के संपूर्ण उपयोग के लिए वित्तीय संसाधनो का समय पर वितरण आवश्यक होता है।

भुगतान संरचना का पैटर्न

(1) केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को वित्त आयोग की अनुशंसा पर (15 वे वित्त आयोग द्वारा 41% कर भुगतान का प्रावधान)

(2) 'मार्च रश' अर्थात अंतिम समय मे विभागों को आवंटन जिससे फंड के पूर्ण उपयोग न होने की संभावना

(3) MGNREGA मे समय पर भुगतान न होने से श्रमिको को वित्तीय असुरक्षा का पैदा होना



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

समय पर भुगतान की आवश्यकता में सुधार

① सरकार द्वारा सार्वजनिक वित्तीय सूचना प्रणाली का प्रयोग करना

② वित्तीय समावेशन को बढ़ाकर डिजीटल तरीके से लाभ हस्तांतरण करना

③ बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर सीधे लाभार्थियों को भुगतान

(4) पहल अभियान के तहत DBT

समय पर किया गया कार्य सही लाभ पहुंचाता है। अतः वित्तीय संसाधनों का समय पर वितरण good governance की महत्वपूर्ण आवश्यकता में से एक है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. What do each of the following quotations mean to you?
निम्नलिखित में से प्रत्येक उद्धरण का आपके विचार से क्या अभिप्राय है?

(a) "The happiness of your life depends upon the quality of your thoughts."- Marcus Aurelius (150 words) 10

"आपके जीवन की खुशी आपके विचारों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।" - मार्कस ऑरेलियस

मार्कस ऑरेलियस के अनुसार विचारो की शुद्धता ही व्यक्ति के आचरण का निर्माण करती है और उसी के अनुसार व्यक्ति के जीवन मे खुशी का संचार होता है।

[eg] सेना में शामिल युवक के विचार मे राष्ट्र की सेवा का गुण - शामिल होने की दशा में उसके जीवन का सुखद अंग

हालाँकि विचारो का निर्माण सामाजीकरण के माध्यम से होता है यदि परिवार, समाज तथा शैक्षणिक संस्थाओं



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

द्वारा मूल्य आधारित विचारों के निर्माण तो बेहतर सामाजिक संरचना का निर्माण होता है।

वहीं सामाजिकरण की प्रक्रिया में कट्टरता, जातिवादी, लैंगिक असमानता की स्थिति में उसे गलत कार्य में भी खुशी मिल सकती है जो egoism ethics के अनुसार भले ही सही हो लेकिन उपयोगितावादी दृष्टिकोण से नहीं।

गांधी जी के अनुसार 'प्रत्येक मनुष्य अपने विचारों का उत्पाद होता है वह जैसा सोचता है वैसा बन जाता है'

—x—



Scanned with CamScanner

6. (b) "The forces in a capitalist society, if left unchecked, tend to make the rich richer and the poor poorer." — Jawaharlal Nehru (150 words) 10

"एक पूंजीवादी समाज की शक्तियों को अगर अनियंत्रित छोड़ दिया जाए तो वे अमीर को और अमीर तथा गरीब को और गरीब बना देंगी।" - जवाहरलाल नेहरू

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था या समाज, कल्याणकारी आयाम से संचालित न होकर लाभकारी दृष्टिकोण से अधिक संचालित होता है जिसमें संसाधनों के अधिकतम दोहन का प्रयास किया जाता है यह सुखवादी तथा स्वार्थवादी नीतिशास्त्र से अधिक संचालित होती है।

पूंजीवादी समाज से अमीर व गरीब पर प्रभाव

① संसाधनों का अत्यधिक संकेन्द्रण

eg oxfam की रिपोर्ट के अनुसार भारत के उच्च धनी वर्गों के 1% के पास 70% संपत्ति

② गरीबों की आय क्षमता में कमी से बार्गेनिंग शक्ति अर्थात दबाव समूह की भूमिका में कमी

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

③ सरकार की अधिकांश नीतियों का निर्माण केवल संसाधनों के दोहन पर

ex परंपरागत वनसंसाधनों का दोहन। आदिवासियों के अधिकारों पर प्रभाव

④ संसाधन सम्पन्न राज्य भी पूंजीवादी प्रवृत्ति के कारण विकसित नहीं हो पाते

ex बिहार, तेलंगाना, झारखंड etc

'Resource-curse'

अतः भारत ने पूंजीवादी समाज को संपूर्ण रूप से न अपनाकर मिश्रित मॉडल अपनाया जहाँ समाजवादी दृष्टिकोण के माध्यम से नीच तबके के न्यायपूर्ण दृष्टिकोण को प्रभावी बनाने की कोशिश की गई

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. (c) "Honesty is the first chapter in the book of wisdom". – Thomas Jefferson (150 words) 10

"ज्ञान की पुस्तक का पहला अध्याय ईमानदारी है।" - थॉमस जेफरसन

ईमानदारी का अर्थ कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता व जवाबदेहिता को रखना।

ईमानदारी → सत्यनिष्ठा → wisdom या PROBITY

बिना wisdom के ज्ञान प्राप्त करना समाज और व्यक्ति दोनों के लिए घातक हो सकता है जैसे -

Eg - बाल श्रम नियोजकों द्वारा बाल अधिकारों का शोषण

Eg पर्यावरण का दोहन करने वाली कंपनियों द्वारा पर्यावरण ethics का उल्लंघन

इस कारण ज्ञान के साथ wisdom का प्रारंभिक स्तर पर होना



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

आवश्यक है तभी कुशासन तथा सामाजिक न्याय की अवधारणा बरीरकरीट

(eg) तमिलनाडु कैडर के IAS अधिकारी U. Sagayam द्वारा संपत्ति की घोषणा

(eg) मनीषा सिमसी द्वारा सामाजिक उन्नति के लिए धनदेना

गांधी जी के अनुसार ज्ञान के साथ wisdom भी होती है जो व्यक्ति को मुख्य प्रकाश की तरफ अग्रसर करने को आकांक्षित करती है ताकि अज्ञानरूपी अंधकार उनके पीछे रह जाए।

———— * ————

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

## SECTION – B

**In the following questions, carefully study the cases presented and then answer the questions that follow (in around 250 words):**

**निम्नलिखित प्रश्नों में, प्रस्तुत प्रकरणों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके बाद आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए (लगभग 250 शब्दों में):**

7. You are posted as a District Magistrate in a district, which is witnessing a high caseload of COVID-19 pandemic patients. The physical infrastructure and human resources in the district are stretched much beyond their capacity. At the peak of the pandemic, certain reports emerge that the District Medical Officer has been misusing his position to abuse female employees in his department and coercing them to have sexual relations with him. However, the concerned officer not only has an impeccable academic record but also a profound professional track record. You also need his presence and guidance to deal with the pandemic situation in the district. But, there is pressure from the media and civil society organisations to immediately report the matter to the State authorities for action against the concerned officer.

Given the situation, answer the following:

**(a)** Identify the stakeholders and issues involved in the above case.

**(b)** What are the options available to you? Discuss their pros and cons.

**(c)** What will be your final course of action? Justify with reasons. **(20)**

आप एक ऐसे जिले में जिला मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात हैं, जहां कोविड-19 महामारी के रोगियों की संख्या काफी अधिक है। जिले में भौतिक आधारभूत संरचना और मानव संसाधन का उनकी क्षमता से बहुत अधिक दोहन हो रहा है। महामारी के चरम पर, कुछ रिपोर्ट्स सामने आती हैं कि जिला चिकित्सा अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर अपने विभाग में महिला कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहा है एवं उन्हें उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर कर रहा है। हालांकि, संबंधित अधिकारी का न केवल त्रुटिहीन अकादमिक रिकॉर्ड है, बल्कि उसका पेशेवर ट्रैक रिकॉर्ड भी बहुत अच्छा है। जिले में महामारी की स्थिति से निपटने के लिए आपको उनकी उपस्थिति और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। लेकिन, मीडिया और नागरिक समाज संगठनों की ओर से संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्य के अधिकारियों को तुरंत मामले की सूचना देने का दवाव है।

ऊपर दी गयी स्थिति को देखते हुए, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** उपर्युक्त प्रकरण में शामिल हितधारकों और मुद्दों की पहचान कीजिए।

**(b)** आपके समक्ष कौन-से विकल्प उपलब्ध हैं? उनके गुणों और दोषों की विवेचना कीजिए।


**(c)** आपकी अंतिम कार्रवाई क्या होगी? कारण सहित औचित्य सिद्ध कीजिए।

COVID-19 महामारी ने स्वास्थ्य अवसंरचना की कमियों को उजागर किया है लेकिन

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

राजस्थान के भीलवाड़ा मॉडल तथा केरल मे निपाह वायरस का बेहतर प्रबंधन एक नई दिशा भी प्रदान करता है।

(4) शामिल हितधारक —




प्रमुख मुद्दे :-

(1) स्वास्थ्य के अधिकार की सुरक्षा (राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017) → कोविड महामारी का बेहतर प्रबंधन वर्तमान समय की आवश्यकता

(2) उपयोगितावादी दृष्टिकोण - महामारी प्रबंधन V/S महिला कर्मचारी की समस्या



Scanned with CamScanner

(3) Right based Approach के अनुसार किसी भी व्यक्ति के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए

(4) कार्यस्थल पर यौन शोषण संबंधी मुद्दा

(5) medical ethics तथा medical oath का उल्लंघन

(6) संगठनों तथा मीडिया के विरोध प्रदर्शन से कानून के शासन संबंधी चिंताएं

(b) विकल्पों की उपलब्धताएं.

(1) महिला कर्मचारी की शिकायत को अनदेखा कर ग्रहण समस्या कौविड प्रबंधन पर ध्यान देना

| गुण | दोष |
|---|---|
| • उपयोगितावादी प्रविधि के अनुसार<br>• आम जनता के स्वास्थ्य के अधिकारों की रक्षा | • नैतिक न्याय के विपरीत<br>• अंतरात्मा का संकट<br>• संगठनों द्वारा विरोध<br>• डॉक्टर द्वारा भविष्य में भी ऐसी गलतियों की संभावना |



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(2) महिला कर्मचारी की शिकायत को संज्ञान में लेना तथा मुख्य चिकित्सा कोड में आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर जाँच प्रक्रिया चालू करना

| गुण | दोष |
|---|---|
| (1) लौकिक न्याय के अनुकूल | (1) उपयोगितावादी दृष्टिकोण के विपरीत |
| (2) मीडिया व संगठनों के धरना प्रदर्शनों समाप्त | (2) अंतरात्मा का संकट अभी भी बना रहेगा |
| | (3) कोविड प्रबंधन में समस्या आ सकती है |

(e) Best विकल्प का चयन तथा उसका कारण

| COURSE OF ACTION | ESSENCE |
|---|---|
| (1) तुरंत आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन | लौकिक न्याय (JUSTICE) |
| (2) जाँच के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सहयोग लेना | समन्वयकारी (RESPONSIVNESS) |



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

③ यदि समिति की जांच में दोषी हो तुरंत प्रभाव से Doctor को न हटाकर COVID-19 प्रबंधन तक उसकी सहायता लेना
- वस्तुनिष्ठता
- EMPATHY (स्वास्थ्य संकट के प्रति)
- WISDOM

④ समिति की तथ्यात्मक रिपोर्ट को संगठन के समक्ष रखकर पारदर्शिता से प्रकाश करवाना
पारदर्शिता
जवाबदेहिता
मानवीय दृष्टिकोण

⑤ भविष्य में ऐसी घटनाएँ न हों उसके लिए POSH कानून का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना
कानून का पालन

स्वास्थ्य संकट तथा लैंगिक न्याय के मध्य बेहतर विवेकपूर्ण समाधान ही नैतिक द्वंद्व की स्थिति से निपट सकता है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

8. You are posted as the Superintendent of Police (SP) of a district, which has witnessed several lynching related crimes in the recent past. One day, a police station in the district got an SOS that in a particular village under their jurisdiction, two women have been accused of witchcraft and are now being paraded naked by the villagers. Given the past record of crimes in the village, it was likely that they would be killed by the villagers. When a police team from the station reached the spot and tried to save the two women from the mob, a scuffle broke out. In the ensuing scuffle, the police were brutally attacked and they had to retaliate by lathicharging in order to save themselves. The incident left three villagers dead. There is anger amongst the villagers, who are also a critical vote bank of the ruling party in the state. As the SP, you have been instructed to institute a quick enquiry and take the strictest action against the police team who lathicharged. You are aware that with elections around the corner, you need to diffuse the situation quickly.

Given the situation, answer the following :

**(a)** Identify the stakeholders and the issues involved in the above case.

**(b)** What are the options available to you? Which of these will you choose and why?

**(c)** As an objective and scientfic-tempered administrator, what steps will you suggest in the long-run to deal with mob lynching? **(20)**

आप उस जिले के एक पुलिस अधीक्षक (SP) के रूप में तैनात हैं, जहां हाल के दिनों में लिंचिंग से संबंधित कई अपराध हुए हैं। एक दिन, जिले के एक पुलिस स्टेशन को एक SOS मिला कि उनके क्षेत्राधिकार के एक विशेष गांव में दो महिलाओं पर जादू टोना करने का आरोप लगाया गया है और ग्रामीणों द्वारा उन्हें नग्न अवस्था में घुमाया जा रहा है। गांव में अपराधों के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए, यह संभावना थी कि उन्हें ग्रामीणों द्वारा मार दिया जाएगा। थाने से पुलिस की टीम जब मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को भीड़ से बचाने का प्रयास किया तो हाथापाई हो गई। आगामी हाथापाई में, पुलिस पर बेरहमी से हमला किया गया और उन्हें स्वयं को बचाने के लिए लाठीचार्ज करके जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इस घटना में तीन ग्रामीणों की मौत हो गई। ग्रामीणों में इस बात को लेकर गुस्सा है, जो राज्य में सत्ताधारी पार्टी का एक महत्वपूर्ण वोट बैंक भी हैं। एक SP के रूप में, आपको त्वरित जांच करने और लाठीचार्ज करने वाली पुलिस टीम के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। आप जानते हैं कि चुनाव नजदीक हैं, आपको स्थिति को जल्द से जल्द शांत करने की आवश्यकता है।

ऊपर दी गयी स्थिति को देखते हुए, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** उपर्युक्त प्रकरण में शामिल हितधारकों और मुद्दों की पहचान कीजिए।

**(b)** आपके समक्ष कौन-से विकल्प उपलब्ध हैं? आप इनमें से किसे चुनेंगे और क्यों?


**(c)** एक वस्तुनिष्ठ और वैज्ञानिक स्वभाव वाले प्रशासक के रूप में, मॉब लिंचिंग से निपटने के लिए दीर्घावधि में आप क्या कदम सुझाएंगे?



Scanned with CamScanner

गृह मंत्रालय की संसदीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान समय में मोब लिंचिंग जैसी घटनाओं में काफी अधिक वृद्धि देखी गई जो कानून के शासन के साथ-साथ संवैधानिक नैतिकता के भी विरुद्ध है।

(a) शामिल हितधारक :-




शामिल मुद्दे :-

(1) कांट की नीतिशास्त्र के अनुसार मनुष्य स्वयं में साध्य, का उल्लंघन — महिलाओं पर अत्याचार होगा

(2) नैतिक न्याय के विरुद्ध → सिर्फ संभावना



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

के आधार पर महिलाओं पर अत्याचार

(3) गाँवों में प्रचलित अंधविश्वासों के कारण मानवाधिकारों का उल्लंघन

(4) भीड़ हिंसा के कारण कानून के शासन का उल्लंघन

(5) राजनीतिक अवसरवादिता → गलत कार्यों के बावजूद वोट बैंक के कारण समर्थन

(5) उपलब्ध विकल्प

(1) पुलिस बल (लाठीचार्ज वाले) पर सख्त कार्रवाई कर राजनीतिक तुष्टीकरण करना

| गुण | दोष |
| --- | --- |
| (1) राजनीतिक लाभ पहुँचने की संभावना | (1) वस्तुनिष्ठता, ईमानदारी जैसे गुण प्रभावित होंगे |
| (2) ग्रामीणों में असंतोष कम होगा | (2) अधीनस्थ कर्मचारियों में भय - स्वतन्त्र कार्य - संस्कृति प्रभावित होगी |

(2) त्वरित जाँच कमिटी का गठन तथा महिलाओं की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करना।

| गुण | दोष |
| --- | --- |
| (1) राजनीतिक लाभ की स्थिति | (1) महिलाओं को सुरक्षा से ग्रामीणों में असंतोष हो सकता है जिससे विद्रोह की पुनः संभावना |
| (2) महिलाओं को कानून द्वारा सुरक्षा (लैंगिक संवेदनशीलता का उदाहरण) | |

SP के रूप में मेरे द्वारा

(3) सर्वप्रथम – महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी, तत्पश्चात तुरंत जाँच कमिटी का गठन वस्तुनिष्ठ रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। चूंकि ग्रामीणों ने कानून का उल्लंघन किया है अतः ग्रामीणों के नेतृत्वकर्ता से राजनीतिक दल के नेताओं



Scanned with CamScanner

उपाधियों में वार्ता कर मामले का शांतिपूर्ण समाधान की कोशिश की जायेगी।

ⓒ दीर्घावधि में मोब लिंचिंग से निपटने के उपाय

① मोब लिंचिंग को परिभाषित करते हुए व्यापक कानून निर्माण की अनुशंसा
→ राजस्थान द्वारा निर्मित

② अंधविश्वासों के प्रति NGO तथा लोकल मीडिया के सहयोग से जागरूकता अभियान

③ पुलिस-जनसहयोग को बढ़ावा देने के लिए moral policy अवधारणा को बढ़ावा देना

④ मूल्य आधारित शिक्षा के लिए विद्यालयों को प्रोत्साहित करना

⑤ तकनीकी का प्रयोग कर (DRONG) बेहतर और प्रबंधन करना ताकि वास्तविक अपराधियों को पकड़ा जा सके।

⑥ संवेदनशील मामलों के निपटान के लिए पुलिस बलों का संवेदी प्रशिक्षण करवाना

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

9. You are an Airworthiness Officer posted with the Directorate General of Civil Aviation, tasked to conduct the safety audit of a major airline of the country. During the recent audit, you find that some of the airplanes belonging to the airline do not fully meet a few of the International Civil Aviation Organization (ICAO) safety standards. The issues are minor, mainly pertaining to some incomplete aircraft maintenance logs and safety rules related to training of the crew. The airline belongs to a very influential business conglomerate with close ties to all major national political parties and has a long history of ethical business practises. The point person appointed by the airline to communicate with you has assured that everything will be in order in a couple of months. Your senior in the department has also indicated that it is best not to mention such minor issues in the report, particularly given the image of the business group involved and the trust it enjoys. He also reiterates the assurance given by the airline to address these issues at the earliest in a time-bound manner. However, you are aware that airline safety norms are paramount and every other consideration is secondary to the safety of the crew and passengers. As a public servant appointed to uphold public trust, answer the following:

(a) Bring out the dilemmas that you face, elaborating on the competing values in the given situation.

(b) What are the options available to you? Discuss the merits and demerits of each. Which of these will you choose and why? **(20)**

आप नागरिक उड्डयन महानिदेशालय में तैनात एक वायुयान अधिकारी हैं, जिसे देश की एक प्रमुख एयरलाइन की सुरक्षा ऑडिट करने का काम सौंपा गया है। हाल के ऑडिट के दौरान, आप पाते हैं कि उस एयरलाइन से संबंधित कुछ हवाई जहाज अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) के कुछ सुरक्षा मानकों को पूरी तरह से पूर्ण नहीं करते हैं। ये मुद्दे बहुत मामूली हैं, जो मुख्य रूप से कुछ अधूरे विमान रखरखाव लॉग और चालक दल के प्रशिक्षण से संबंधित सुरक्षा नियमों से संबंधित हैं। एयरलाइन का सभी प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक दलों से घनिष्ठ संबंध है और साथ ही यह एक बहुत ही प्रभावशाली व्यापारिक समूह से संबंधित है एवं इसका नैतिक व्यापार व्यवसाय का एक लंबा इतिहास है। आपके साथ बात-चीत करने के लिए एयरलाइन द्वारा नियुक्त व्यक्ति ने आश्वासन दिया है कि कुछ महीनों में सब व्यवस्थित हो जाएगा। विशेष रूप से इसमें शामिल व्यावसायिक समूह की छवि और इसे प्राप्त विश्वास को देखते हुए विभाग में आपके वरिष्ठ ने भी संकेत दिया है कि रिपोर्ट में ऐसे छोटे-छोटे मुद्दों का उल्लेख न करना ही बेहतर है। उन्होंने एयरलाइन द्वारा इन मुद्दों को जल्द से जल्द समयबद्ध तरीके से संबोधित करने के लिए दिए गए आश्वासन को भी दोहराया। हालांकि, आप जानते हैं कि एयरलाइन सुरक्षा मानदंड सर्वोपरि हैं और चालक दल एवं यात्रियों की सुरक्षा के लिए कोई भी अन्य विचार गौण हैं। जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए नियुक्त एक लोक सेवक के रूप में, निम्नलिखित के उत्तर दीजिए:

(a) दी गई स्थिति में प्रतिस्पर्धी मूल्यों का सविस्तार वर्णन करते हुए, आपके सामने आने वाली दुविधाओं पर प्रकाश डालिए।

(b) आपके समक्ष कौन-से विकल्प उपलब्ध हैं? प्रत्येक के गुणों और दोषों की विवेचना कीजिए। आप इनमें से किसे चुनेंगे और क्यों?



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

गांधीजी कर्तव्य को सबसे बड़ा गुण मानते थे उनके अनुसार सच्चे मनुष्य का सर्वोपरि धर्म कर्तव्यपथ पर अग्रसर रहना है।

(a) **दुविधाएँ :-**

① पदानुक्रम का सम्मान V/s नैतिक जिम्मेदारी
(वरिष्ठों के आदेशों का पालन) (विरोध में वास्तविकता उजागिर करना)

② व्हिसलब्लोअर के भूतपूर्व नैतिक व्यवहार का रिकॉर्ड V/s आम जन की सुरक्षा

③ व्हिसलब्लोअर का राजनीतिक दलों से संबंध से भविष्य में निजी लाभ V/s
• Professional integrity

**प्रतिस्पर्धी मूल्य :-**

① Professional Integrity :- कंपनी द्वारा व्यावसायिक मानदंडों को पूरा न करना



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(2) Corporate ethics → प्रतिस्पर्धी वातावरण में अन्य स्टेकहोल्डर की तुलना में ज्यादा महत्व किसी को नहीं दिया जाना चाहिए

(3) OBJECTIVITY - वस्तुनिष्ठता → रिपोर्ट में बिना किसी पूर्वाग्रह के सही तथ्यों का समावेश।

(b) उपलब्ध विकल्प :-

(1) उच्चस्थ अधिकारियों की बात मानकर रिपोर्ट में गौण खामियों को छोड़ना

| गुण | दोष |
|---|---|
| (1) पदानुक्रम का सम्मान<br>(2) स्टेकहोल्डर द्वारा आश्वासन दिया गया है और उनको भूतपूर्व नैतिक व्यवहार अच्छा - मत ग्राहकों को भी फायदा | (1) वस्तुनिष्ठता जैसे सिविल सेवा के मूल्यों का उल्लंघन<br>(2) अंतरात्मा का संकट<br>(3) सामाजिक न्याय की धारणा के विपरीत<br>(4) HARM PRINCIPLE के विरुद्ध |



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

② बिना किसी बाहरी दबाव के रिपोर्ट में वस्तुनिष्ठ तथ्यों का समावेश

| गुण | दोष |
|---|---|
| ① वस्तुनिष्ठता तथा सत्यनिष्ठता जैसे गुणों का सम्मान | ① पदानुक्रम व्यवस्था का सम्मान नहीं |
| ② अंतरात्मा का संघर्ष नहीं रहेगा | ② भूतपूर्व नैतिक व्यवहारों की अनदेखी |
| ③ corporate ethics का सम्मान | ③ राजनीतिक अच्छे संबंधों के चलते कॅरियर growth मे बाधा आ सकती है) |

सर्वोत्तम विकल्प :-

① एयरलाईन की भूतपूर्व नैतिक व्यवहार को अपनी जाँच रिपोर्ट में शामिल करना

② जाँच रिपोर्ट में पूरी सत्यता के साथ बिना किसी बाहरी दबाव



Scanned with CamScanner

के सही तथ्यों का समावेश करना ताकि भविष्य में एयरलाइंस कंपनियों में निवारक (deterence) के तौर पर कार्य करे।

③ एयरलाइंस की वस्तुनिष्ठ रिपोर्ट में टिप्पणी करना कि उल्लंघनकारी नियम गौण थे और चूँकि भूतकाल में नैतिक व्यवहार रहा है अतः प्रतिबंध Reformative होना चाहिए Retributive नहीं।

④ एक स्वस्थ एयरलाइंस प्रतिस्पर्धी वातावरण के साथ आम जनता की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है (उपयोगितावादी दृष्टिकोण)

— x —



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

10. With the advent of 24x7 news and prevalence of an array of news sources across the board, the media is omnipresent in nature. In this competitive environment, many media professionals who are overcome by deadlines, bottom-line imperatives, and corporate interests are losing sight of the ethical implications of their work. Further, there have been several cases of irresponsible reporting where the reportage has interfered with court proceedings, compromised delicate security situations or led to the spread of fake or unverified news. In this context, answer the following questions:

**(a)** Identify the ethical issues prevalent in the profession of media.

**(b)** How does unethical reporting and sensationalization of news impact the society?

**(c)** What can be done to strengthen the role of ethics in media? **(20)**

24x7 समाचारों की शुरुआत और संपूर्ण बोर्ड पर समाचार स्रोतों की एक श्रृंखला के प्रसार से, मीडिया प्रकृति में सर्वव्यापी है। इस प्रतिस्पर्धी माहौल में, कई मीडिया पेशेवर जो समय-सीमा, आधारभूत अनिवार्यताओं और कॉर्पोरेट हितों को पीछे छोड़ चुके हैं, वे अपने काम के नैतिक निहितार्थों की दृष्टि खो रहे हैं। इसके अलावा, गैर-जिम्मेदार रिपोर्टिंग के कई मामले भी सामने आए हैं जहां रिपोर्ट ने अदालती कार्यवाही में हस्तक्षेप किया है, संवेदनशील सुरक्षा स्थितियों से समझौता किया है या गलत अथवा असत्यापित समाचारों को फैलाया है। इस संदर्भ में, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** मीडिया के पेशे में विद्यमान नैतिक मुद्दों की पहचान कीजिए।

**(b)** अनैतिक रिपोर्टिंग और समाचारों को सनसनीखेज बनाने से समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**(c)** मीडिया में नैतिकता की भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए क्या किया जा सकता है?

वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत की रैंकिंग काफी पीछे है जो भारत मे प्रेस की स्वतंत्रता को दर्शाता है। वही सोशल मीडिया के प्रसार से भारत मे 'Infodemic' की समस्या का भी प्रसार हुआ है जिससे सनसनीखेज खबरो, TRP युद्ध, FAKE NEWS



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

तथा yellow journalism जैसी बुराईयों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

eg. 2000 के नोटों में चिप संबंधी फेक न्यूज

eg. NDTV न्यूज चैनल का पठानकोट हमले के दौरान मीडिया ब्राडकास्टिंग व्यवहार

eg. corporate media का बढ़ता प्रभाव (अम्बानी द्वारा न्यूज चैनल का अधिग्रहण)

(a) मीडिया में नैतिक मुद्दे :–

(1) paid News संबंधी :- चुनावों में paid news आधारित विज्ञापन स्वस्थ चुनावी माहौल को खराब करते हैं।

(2) TRP की प्रमुखता :.. TRP को सामाजिक सुरक्षा, निजता तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से अधिक महत्व eg. 26/11 हमले के दौरान



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

(3) हिंग ऑपरेशन के जरिए निजी डाटा पर हमला

(4) फेक न्यूज के कारण जनता को भ्रमित करना
eg. लता मंगेशकर के निधन की झूठी अफवाह

(5) सोशल मीडिया पर न्यूज का अनियंत्रित प्रवाह जिससे नागरिकों में विश्वसनीयता की कमी

(6) अनैतिक रिपोर्टिंग से समाज पर प्रभाव

(1) फेक न्यूज से सांप्रदायिक सौहार्द में बिखराव eg. मॉब-लिंचिंग की घटनाएं

(2) चुनावी समय में सही उम्मीदवार चयन में बाधा

(3) लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर आधिक विश्वास से वास्तविक सूचनाओं तक पहुंच का अभाव (जानने के अधिकार को

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

उल्लंघन

(4) व्यक्तियों की निजता का हनन

(5) media trial के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया में बाधा पहुँचाना

(c) मीडिया में नैतिकता की भूमिका को सुदृढ़ करने के उपाय:

* सरकार द्वारा Digital media ethics code को लागू करना।

* प्रत्येक मीडिया संस्थानों द्वारा अनिवार्य रूप से नैतिकता चार्टर को लागू करना

* पत्रकारिता को एक विषय के रूप में विश्वविद्यालयों में पढ़ाया जाना चाहिए ताकि स्वस्थ पत्रकारिता का जन्म हो।

* भारत को भी निजी प्रतिस्पर्धा के चलते हुए पत्रकारिता की नुकसान की भरपाई

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

ब्रिटेन की तरह BBC न्यूज चैनल के समान सार्वजनिक स्वायत्त न्यूज चैनल को बनाया दिया जाना चाहिए।

* सोशल मीडिया पर फेक न्यूज, तथा media trial को रोकने के लिए कठोर कानून का निर्माण किया जाना चाहिए।

* व्यक्तियों की निजता की सुरक्षा के लिए डेटा संरक्षण कानून को लागू करना चाहिए।

मीडिया को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भांति कार्य करना चाहिए ताकि समाज को सही वास्तविकताओं का पता करने में मदद मिल सके।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

11. You are the Dean of Academics of a University. It has been brought to your notice that some students have raised a complaint against Mr X, a specially-abled Professor at the University, for not performing his academic duties diligently. The Head of the Department (HoD) tried to have a conversation with him regarding these complaints; however, Mr X feels that he is a victim of internal politics and is being discriminated against on account of him being specially-abled. He also conveyed to the HoD that he will file a complaint of discrimination against the University under The Rights of Persons with Disabilities Act, 2016. As the Dean of Academics, it is your responsibility to uphold the academic standards of the University and take any administrative decision in this regard.

In this case, answer the following questions:

(a) State the stakeholders and the ethical issues in the given case.

(b) What are the options available to you?

(c) Evaluate each of these options and state the option which you would choose, citing reasons. **(20)**

आप एक विश्वविद्यालय के अकादमिक डीन हैं। यह आपके संज्ञान में लाया गया है कि कुछ छात्रों ने विश्वविद्यालय के एक दिव्यांग प्रोफेसर मिस्टर X के विरुद्ध अपने शैक्षणिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं करने के लिए शिकायत की है। विभागाध्यक्ष (HoD) ने इन शिकायतों के संबंध में उनसे बात करने का प्रयास किया है; हालांकि, मिस्टर X को लगता है कि वह विश्वविद्यालय की आंतरिक राजनीति के शिकार हैं और उनके दिव्यांग होने के कारण उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने विभागाध्यक्ष को यह बताया भी है कि वह *दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016* के तहत विश्वविद्यालय के भेदभाव के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराएंगे। अकादमिक डीन के रूप में आपकी यह जिम्मेदारी है कि आप विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मानकों को बनाए रखें और इस संदर्भ में आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई करें।

इस प्रकरण के संदर्भ में, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(a) प्रस्तुत प्रकरण में शामिल हितधारकों और नैतिक मुद्दों का उल्लेख कीजिए।

(b) आपके समक्ष कौन-से विकल्प उपलब्ध हैं?

(c) उनमें से, प्रत्येक विकल्प का मूल्यांकन कीजिए और कारण बताते हुए उस विकल्प को बताइए जिसे आप चुनेंगे।

जनगणना 2011 के अनुसार भारत मे 2.1% (जनसंख्या) दिव्यांग जनसंख्या है। दिव्यांग जनो के विरुद्ध होने वाले सामाजिक भेदभावो,



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

संस्थागत भेदभावों के चलते सरकार द्वारा सामाजिक - आर्थिक न्याय की अवधारणा के साथ दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 लाया गया था।

(a) शामिल हितधारक :-

1. डीन के रूप में (मैं स्वयं)
2. दिव्यांग प्रोफेसर
3. छात्र जिन्होंने शिकायत की है।
4. विश्वविद्यालय के छात्र
5. समाज (क्योंकि छात्र ही स्वस्थ समाज के निर्माता)

ETHICAL ISSUES

1. शैक्षणिक व्यवस्था तथा दिव्यांग अधिकार
2. छात्रों का शिक्षा का अधिकार तथा दिव्यांग प्रोफेसर का सामाजिक भेदभाव का आरोप
3. ऐसी घटनाओं से विश्वविद्यालय की भूमिका का नुकसान



Scanned with CamScanner

(B) विकल्प

(1) छात्रो की शिकायत सुनकर तुरंत दिव्यांग प्रोफेसर को निलंबित करना

| गुण | दोष |
| --- | --- |
| (1) छात्रो को बेहतर शिक्षा का अधिकार (2) विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण में सुधार (3) विश्वविद्यालय में छात्रों मे असंतोष कम होगा | (1) बिना जाँच किए प्रोफेसर को निलंबित करना (Theory of Justice का उल्लंघन) (2) दिव्यांग अधिकार अधि. की तहत शिकायत से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा का नुकसान |

(2) छात्रो की बात / शिकायत को अनसुना कर देना तथा दिव्यांग प्रोफेसर को शैक्षणिक कार्यों में लगाए रखना

| गुण | दोष |
| --- | --- |
| (1) दिव्यांग अधिकार Act के तहत | (1) छात्रोमे असंतोष |



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

शिकायत से बच सकते हैं।

② बिना जांच किए पलने के आदेश देना शैक्षणिक मानदंड के विपरीत

Ⓒ विकल्प का चयन:-

उपरोक्त बाधित दोनों विकल्पों का चयन न करते हुए मेरे द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही की जायेगी -

* सर्वप्रथम शिकायत मिलने पर एक निष्पक्ष जांच समिति का गठन करना ताकि छात्रों के असंतोष को कम किया जा सके।

* विभाग प्रोफेसर के साथ वार्ता कर उन्हें आश्वासन देना कि आपके विरुद्ध कोई सामाजिक भेदभाव नहीं किया जाएगा तथा निष्पक्ष जांच के आश्वासन देना।



Scanned with CamScanner

* यदि जांच में दिव्यांग प्रोफेसर दोषी पाया जाता है तो रचनात्मक उपाय न अपनाकर सामाजिक संवेदनशीलता का परिचय देते हुए छात्रो के नेता एवं दिव्यांग प्रोफेसर के मध्य वार्ता का आयोजन करना।

* यदि छात्र सहमत हो जाते है तो दिव्यांग प्रोफेसर को अपनी कार्यशैली सुधारने का एक मौका देना और यदि भविष्य सही कार्यशैली अपनाए जाने पर उनको पुनः फीडबैक के माध्यम से पुनर्वलोकन करना

* गलती पाए जाने पर निवारक उपाय के तौर पर उनको आधी सैलरी देना

* भविष्य मे गलत होने पर निकाले की संभावना के बारे मे अवगत करना।



Scanned with CamScanner

Don't write anything in the margin
(इस भाग में कुछ भी लिखें)

**12.** You have recently been posted as the District Magistrate of a poor district in India where there is a high prevalence of manual scavenging. It has been brought to your notice that manual scavenging has claimed many lives in your district. Upon further enquiry, you found that most of the manual scavengers belong to a particular caste, and majority of them can find employment only by way of scavenging. Even some government departments in your district are employing these people for physical cleaning of sewers/septic tanks without basic safety gear and measures. Despite the rehabilitation programmes for manual scavengers, the administration has been found inefficient in identifying such people in the first place and the efforts to reskill them for employment elsewhere have not yielded desired results.

Based on the given information, answer the following:

**(a)** Identify the issues associated with manual scavenging.

**(b)** List the options available to you in the given case. Evaluate the merits and demerits of each.

**(c)** Discuss some feasible steps that you can take to address this serious problem. **(20)**

आपको हाल ही में भारत के एक गरीब जिले के जिला मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया है जहां हाथ से मैला ढोने (मैनुअल स्कैवेंजिंग) का प्रचलन बहुत अधिक है। आपके संज्ञान में लाया गया है कि आपके जिले में मैला ढोने की प्रथा ने कई लोगों की जान ले ली है। आगे जांच करने पर, आपने पाया कि हाथ से मैला उठाने वाले अधिकांश लोग एक विशेष जाति के ही हैं और उनमें से अधिकांश केवल मैला ढोकर ही रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। आपके जिले के कुछ सरकारी विभाग भी बिना बुनियादी सुरक्षा उपकरणों और उपायों के सीवरों/सेप्टिक टैंकों की भौतिक सफाई के लिए इन लोगों को नियुक्त कर रहे हैं। हाथ से मैला उठाने वालों के लिए पुनर्वास कार्यक्रमों के बावजूद, सर्वप्रथम प्रशासन ऐसे लोगों की पहचान करने में अक्षम रहा है और अन्यत्र रोजगार के लिए उन्हें फिर से कौशल प्रदान करने के प्रयासों के वांछित परिणाम भी नहीं मिले हैं।

ऊपर दी गयी जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** हाथ से मैला ढोने (मैनुअल स्कैवेंजिंग) से जुड़े मुद्दों की पहचान कीजिए।

**(b)** प्रस्तुत प्रकरण में आपके समक्ष उपलब्ध विकल्पों को सूचीबद्ध कीजिए। प्रत्येक के गुणों और दोषों का मूल्यांकन कीजिए।

**(c)** इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए आप जो संभव कदम उठा सकते हैं, उन पर चर्चा कीजिए।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

सामाजिक आधिकारिता मंत्रालय की संसदीय रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 में 88 लोगों की जान मैला ढोने वाली प्रथा के कारण गई है जो मैला ढोना निवारण अधिनियम के बावजूद एक अवांछ स्थिति को प्रदर्शित करता है।

(a) मुद्दे:-

① मानवाधिकार का उल्लंघन → मैला ढोना निवारण अधिनियम में ऐसा करना उपकरणों के मैला ढोना अपराध की श्रेणी में आता है

② नीतिशास्त्र की common good approach का उल्लंघन - एक विशेष जाति समुदाय द्वारा किया जाना जाति व्यवस्था की बुराई को प्रदर्शित करता है

③ कांट के categorical imperative सिद्धांत का उल्लंघन जहाँ स्वच्छता की प्राप्ति के लिए मनुष्य को साधन बनाना



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(4) लोक्स तथा गोल्स होल्स की सामाजिक समझौता सिद्धांत का उल्लंघन जहाँ राज्य विशेष शक्ति के अधिकारों की रक्षा नहीं करता

(5) सरकारी विभागों की असंवेदनशीलता – जनता के सेवक होने के बावजूद सरकारी नियमों का उल्लंघन (आचरण संहिता का पालन नहीं)

(6) रोजगार संबंधी कौशल का अभाव – कौशल विभाग के कर्मचारियों द्वारा कार्यों का पालन न किया जाना

(B) OPTIONS

(1) सर्वप्रथम जिले में कार्यरत मैला ढोने वाले मनुष्यों की पहचान करना तथा जिनकी मृत्यु हुई है उनको मुआवजा दिलाना

| गुण | दोष |
| --- | --- |
| (1) प्रशासन की संवेदनशीलता दिखाई पड़ती है | (1) सरकार की छवि खराब हो सकती है |


Scanned with CamScanner

② जिले में चल रही मेला होने की प्रथा पर कोई कार्यवाही नहीं करना

| गुण | दोष |
|---|---|
| ① सरकारी विभाग की छवि स्वच्छ बनी रहेगी | ① कर्तव्य परायणता जैसे मूल्यों से पीछे हटना<br>② सेवाओं प्रति प्रतिबद्धता में कमी<br>③ सामाजिक न्याय के प्रति असंवेदनशीलता |

③ जिन सरकारी विभागों में मेला होने की प्रथा को बढ़ावा दिया गया उनके विरुद्ध कार्यवाही करना

| गुण | दोष |
|---|---|
| ① सरकारी विभाग की कार्य संस्कृति में सुधार<br>② जनता का विश्वास बढ़ेगा | ① विभागों में समन्वय की कमी हो सकती है |

(c) समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम

* जिले में मैला ढोने वाले मनुष्यों का सर्वेक्षण करवाकर उनकी चिन्हितता (objectivity)

* सर्वेक्षण में चिन्हित लोगों को कम शिक्षा की योग्यतानुसार कौशल विकास कर उन्हें आवश्यक रोजगार उपलब्ध करवाना (कर्तव्यपरायणता)

* मैला ढोने संबंधी निवारण अभ्यासों के क्रियान्वयन के लिए सामाजिक अधिकारिता विभाग को बेहतर रणनीति बनाते हुए जागरूकता कार्यक्रम को बढ़ावा देना (सेवा के प्रति प्रतिबद्धता)

* मैला ढोने संबंधी मामलों में तकनीकी सेवाओं जैसे (उदाहरण Bandicoot रोबोट) का प्रयोग करना (नवाचारी रूप)

मैला ढोना एक सामाजिक अपराध है अतः इसका निवारण सामाजिक समानता तथा मानवाधिकारों की रक्षा है।